मृतक को दफनाने का रिवाज यहाँ भी था। कई कब्रों में औजार और बर्तन पाए गए हैं। ये कब्रें घरों के बीचों बीच ही होती थीं। शिशुओं को कलश में दफनाया जाता था।

उतनूर

- उतनूर तेलंगाना में एक स्थान है।
- यहाँ राख के टीलों पर जानवरों के पैरों के निशान पाए गए हैं।
- यहाँ खजूर की लकड़ी के प्रयोग का प्रमाण भी मिला है।

बुद्धहल

- यह स्थान कर्नाटक राज्य में है।
- यहाँ चार बस्तियां मिली हैं।
- यहाँ कसाई खाना भी मिला है।

हल्लूर

- यह स्थान भी कर्नाटक राज्य में है। यहाँ कई तरह के शस्त्र मिले हैं; उदाहरण के तौर पर चाकू, खंजर और तीर का ऊपरी हिस्सा।
- यहाँ काले और लाल रंग के बर्तन मिले हैं, जिन पर सफेद रंग से सजावट की गई थी।

पैय्यमपल्ली

- यह स्थान वेल्लोर जिला, तमिलनाडु में है।
- यहाँ गड्ढों में आवास के प्रमाण मिले हैं।
- यहाँ पर चने और मूंग की खेती का प्रमाण भी मिला है।

मस्की

- यह स्थान कर्नाटक राज्य में स्थित है।
- यहाँ पुरानी चित्रकारी का प्रमाण मिला है।
- चित्रकारी का विषय जानवर और मनुष्य थे।

अभ्यास प्रश्न

1. मानव को 'क्वार्ट्जाइट-मानव' किस युग में कहा जाता था?
   (a) पुरापाषाण युग
   (b) मध्यपाषाण युग
   (c) नवपाषाण युग
   (d) मध्य पुरापाषाण युग
2. किस क्षेत्र में तीनों युगों के प्रमाण मिले हैं?
   (a) चम्बल नदी घाटी
   (b) नर्मदा नदी घाटी
   (c) सतलुज नदी घाटी
   (d) गोदावरी नदी घाटी
3. पुरापाषाण युग के लोगों का व्यवसाय क्या था?
   (a) कृषि
   (b) बागवानी
   (c) पशुपालन
   (d) शिकार
4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. मध्य पाषाण युग में मनुष्य औजार इस्तेमाल करता था जो कि लगभग 1 फुट लंबे होते थे।
   2. मध्य पाषाण युग के औजार माइक्रोलिथ कहलाते थे।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/ से सही है /हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1, न ही 2
5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. नवपाषाण युग में राजस्थान की सभी बस्तियों के लोग ईंटों के उपयोग के बारे में जानते थे।
   2. चावल की खेती का पहला प्रमाण बेलन घाटी में मिला है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/ से सही है / हैं ?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1, न ही 2

उत्तर कुंजी ☑

अभ्यास प्रश्न

1. (a) **2.** (b) **3.** (d) **4.** (b) **5.** (b)

अध्याय

2

सिंधु घाटी सभ्यता

सिंधु घाटी सभ्यता

सिंधु घाटी सभ्यता भारत की कुछ बहुत पुरानी सभ्यताओं में से एक है। इस सभ्यता का समय 3300 ईसा पूर्व से 1300 ईसा पूर्व तक माना जाता है। इसे सिंधु घाटी सभ्यता इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह सभ्यता सिंधु नदी तथा उसकी उप नदियों के आसपास स्थापित थी। इसकी कुछ बस्तियां घग्गर-हाकरा नदी के आसपास भी स्थापित थी।

सिंधु घाटी सभ्यता को हड़प्पा सभ्यता भी कहा जाता है क्योंकि इस सभ्यता में खुदाई के दौरान मिलने वाला सबसे पहला शहर हड़प्पा था। इस शहर को 1921 में डॉ राज बहादुर दयाराम साहनी और जॉन मार्शल ने खोजा था। लगभग इसी समय, आर. डी. बनर्जी ने मोहनजोदड़ो की खोज की थी। जॉन मार्शल की निगरानी में मोहनजोदड़ो की खुदाई बड़े पैमाने पर की गई थी।

इस सभ्यता के लोग मुख्य रूप से कांसे का उपयोग करते थे, इसी कारण इस सभ्यता को कांस्य युग भी कहा गया है।

क्षेत्र

सिंधु घाटी सभ्यता का क्षेत्र प्राचीन मिस्र (Egypt) और मेसोपोटामिया से भी बड़ा था।

यह सभ्यता उत्तर-पश्चिमी भारत से लेकर पूर्व तथा दक्षिण दिशा में फैली हुई थी। यह सभ्यता उत्तर में जम्मू से लेकर दक्षिण में नर्मदा घाटी तक और पश्चिम में मकरान तट से पूर्व में यमुना तक फैली हुई थी।

सिंधु घाटी सभ्यता को 3 चरणों में विभाजित किया गया है:

1. प्रारंभिक चरण 3300 ई.पू. से 2600 ई.पू. तक।
2. विकसित चरण (जब यह सभ्यता विकास के शिखर पर थी) 2600 ई.पूर्व से 1900 ई.पूर्व तक।
3. आखिरी चरण 1900 ई.पूर्व से 1300 ई.पूर्व तक।

अब तक, सिंधु घाटी सभ्यता से संबंधित लगभग 1400 स्थान मिल चुके हैं, परंतु इनमें विकसित चरण से संबंधित स्थान बहुत कम हैं। इन स्थानों में शहर गिने चुने हैं -

1. हड़प्पा, पंजाब, पाकिस्तान
2. मोहनजोदड़ो, सिंध, पाकिस्तान

3. लोथल, धौलावीरा और सुरकोटदा, गुजरात
4. बनावली और राखीगढ़ी, हरियाणा
5. कालीबंगा, राजस्थान



नगर योजना और वास्तु-कला

सिंधु घाटी सभ्यता के अवशेषों से यह पता चलता है कि इस सभ्यता में नगर योजना और सफाई व्यवस्था बेहद उत्कृष्ट थी। नगर को दो हिस्सों में बाँटा जाता था, दुर्ग (citadel) जो कि एक ऊंचे स्थान पर बनाया जाता था और बाकी नगर का हिस्सा। दुर्ग ईटों के ढेर पर बनाया जाता था और नगर के दूसरे हिस्से से लगभग 12 मीटर ऊंचा होता था। दुर्ग तक पहुँचने के लिए सीढ़ियां होती थीं।

दुर्ग, मोहनजोदड़ो

दुर्ग पर बनी हुई बड़ी-बड़ी इमारतों से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि शहर के इस हिस्से का इस्तेमाल धार्मिक कार्यों, उत्सवों, अथवा महत्त्वपूर्ण प्रशासनिक कार्यों के लिए किया जाता रहा होगा। दुर्ग में कुछ छोटी इमारतें भी होती थीं; अनुमानतः यह घर रहे होंगे, परंतु दुर्ग में ऐसी इमारतें आम नहीं थी।

शहर के निचले हिस्से में आम लोगों के घर ग्रिड (grid) प्रणाली के अनुसार बने हुए थे। यहाँ की सड़कें उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम दिशा में बनी हुई थीं और एक दूसरे को समकोण (90°) पर काटती थीं। शहर की व्यवस्था बहुत ही उच्च दर्जे की थी। हर घर में आंगन और स्नान घर था। स्नान घर की नालियां गली की नालियों से जुड़ी हुई थीं। यह नालियां ढकी हुई होती थीं। सफाई पर जितना ध्यान सिंधु घाटी सभ्यता ने दिया शायद ही किसी और प्राचीन सभ्यता ने दिया हो।

नगर योजना

सिंधु घाटी सभ्यता में पत्थरों से बने हुए मकान नहीं थे। इस सभ्यता के मकान पक्की ईंटों से बने हुए थे। कच्ची ईटों का इस्तेमाल केवल उस जगह पर किया जाता था, जहां पर पानी से होने वाले नुकसान की संभावना नहीं होती थी। निर्माण कार्य के लिए एक ही आकार की ईंटों का इस्तेमाल किया जाता था। बड़ी इमारतों की सीढ़ियां पक्की ईंटों से बनाई जाती थीं और इमारतों की छतें समतल होती थीं।

इस सभ्यता की महत्त्वपूर्ण इमारतों में मोहनजोदड़ो का विशाल स्नानघर और हड़प्पा का अन्न भंडार शामिल हैं।

विशाल स्नानघर

विशाल स्नानघर एक बड़ा तलाब है, जिसमें लोग स्नान करते थे। यह तालाब 11.88 मीटर लंबा, 7.01 मीटर चौड़ा और 2.43 मीटर गहरा है। दो सीढ़ियां तालाब में उतरती हैं, एक उत्तर दिशा से और एक दक्षिण दिशा से।

इस तालाब का फर्श जलरोधी है क्योंकि फर्श में ईटों के जोड़ पर जिप्सम से पलस्तर किया गया है। इसके अतिरिक्त तालाब के कोनों में और संभवत: फर्श में भी कोयले से बने तार के मोटे लेप का प्रयोग किया गया है। दो बड़े दरवाजे विशाल स्नानघर में खुलते हैं। कई कमरे तालाब की पूर्व दिशा में बने हुए हैं। इनमें से एक कमरे में कुआँ बना हुआ है। मुमकिन है कि इस कुएँ के पानी से तालाब को भरा जाता होगा। इसके अतिरिक्त यह तालाब बारिश के पानी से भरता होगा। इस तालाब में किसी नाली से पानी नहीं आता था।

विद्वान मानते हैं कि यह तालाब धार्मिक रीति-रिवाजों के लिए उपयोग किया जाता होगा। शायद यहाँ के पानी का उपयोग मनुष्य की शुद्धिकरण के लिए किया जाता होगा।

विशाल स्नानघर, मोहनजोदड़ो

अन्नागार

हड़प्पा में एक विशाल अन्नागार के अवशेष मिले हैं। अन्नागार की लंबाई और चौड़ाई दोनों ही लगभग 45 मीटर से अधिक है।

मुख्य गलियारा लगभग 7 मीटर चौड़ा है। गलियारे के बाएं तरफ 6 कमरे और दाएँ तरफ भी 6 कमरे बने हुए थे। प्रत्येक कमरे का माप 15.2 x 6.1 मीटर है। यह कमरे संभवतः अन्नागार में काम करने वाले मजदूरों के लिए थे। इन कमरों के ऊपर लकड़ी का ढाँचा बना था, जिसे विशाल स्तंभों पर टिकाया हुआ था। ऊपर जाने के लिए मुख्य गलियारे से सीढ़ियां निकलती थीं।

अन्नागार में न तो अनाज का कोई दाना प्राप्त हुआ है और न ही अनाज को रखने के लिए कोई बर्तन मिले हैं। अन्नागार के रूप में इसकी पहचान मुख्यत: रोम में पाए गए ऐसे ही ढाँचों के आधार पर की गई है।

अन्नागार, हड़प्पा

कृषि

सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि था। इतने बड़े अन्नागार का मिलना इस बात का प्रमाण है। अधिकतर कृषि सर्दियों में की जाती थी। सिंधु घाटी के लोग गेहूं, जौ, राई, मटर, तिल, सरसों, चावल और कपास की खेती करते थे। कपास की खेती सबसे पहले सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों ने ही प्रारंभ की। यूनानी लोग कपास को सिनडान (Sindon) कहते थे क्योंकि सबसे पहले सिंध में ही इसकी खेती हुई थी ।

इस सभ्यता में सबसे बड़े पैमाने पर गेहूं और जौ की खेती होती थी। गेहूं और जौ की खेती के प्रमाण मोहनजोदड़ो में मिले हैं। प्राचीन काल में सिंधु घाटी सभ्यता प्राकृतिक वनस्पति से भरी हुई थी। नहर सिंचाई का कोई प्रमाण नहीं मिला है। यह सभ्यता लोहे के उपयोग के बारे में नहीं जानती थी, इसलिए इस सभ्यता के लोग शायद लकड़ी के हल का उपयोग करते थे।

घर सड़क से थोड़े ऊंचे स्तर पर बनाए जाते थे ताकि बाढ़ का पानी घरों में ना घुस सके। बाढ़ के कारण गर्मियों में कृषि में बहुत बाधा आती थी।

पालतू जानवर

भले ही सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का प्रमुख व्यवसाय कृषि था, परंतु वे पालतू जानवर आम तौर पर रखते थे। कुत्तों, बिल्लियों, बैलों, भैंसों, बकरियों, भेड़ों, हाथियों, और सूअरों को पाला जाता था। सांड सबसे पसंदीदा पालतू जानवर था। ऊंटों और गधों का इस्तेमाल सामान ढोने के लिए किया जाता था।

शुरू की खुदाइयों से यह अंदाजा लगाया जाता रहा है कि सिंधु घाटी सभ्यता के लोग घोड़ों को नहीं पालते थे। परंतु बाद में चलकर सभ्यता के कुछ हिस्सों में घोड़ों के अवशेष भी मिले हैं। शायद सभ्यता के आखिरी चरण में पालतू घोड़े रखे जाने लगे थे। पालतू जानवरों के अलावा कई जंगली जानवरों जैसे गेंडे, चीते और जंगली भैंसे के अवशेष भी बरामद हुए हैं।

व्यापार

सिंधु घाटी सभ्यता का समाज एक व्यापारिक समाज था। यहां के लोग मुद्रा का नहीं, बल्कि वस्तु विनिमय प्रणाली के आधार पर व्यापार करते थे। व्यापारियों की अपनी मोहरें (seals) होती थीं। यहां के लोग समान लिपि का प्रयोग करते थे। वजन और माप के स्तर भी निश्चित थे।

खुदाई से कुछ ऐसी चीजें प्राप्त हुई हैं, जिनसे पता चलता है कि व्यापार भारतीय महाद्वीप के बाहर भी किया जाता था। मेसोपोटामिया और तुर्की के साथ व्यापार के प्रमाण मिले हैं। मेसोपोटामिया अभिलेखों में सिंधु क्षेत्र को मेलुहा कहा गया है। सिंधु घाटी सभ्यता के व्यापारियों के पास कच्चे माल की कमी थी। परिणामस्वरूप, कच्चा माल अन्य देशों से आयात किया जाता था।

निर्यात में कृषि संबंधित वस्तुएं और कई कारखानों से बनी वस्तुएं जैसे कि कपास से बना समान, मिट्टी के बर्तन, कार्नेलियन के मोती आदि प्रमुख थे ।

वजन प्रणाली

खुदाई में चकमक पत्थर से बने कई संतुलन-तौल (balance weights) मिले हैं। ये तौल घन के आकार में हैं। सबसे सामान्य तौल का वज़न लगभग 13.65 ग्राम था। अन्य तौल इस वजन के उप-विभाजन या गुणक थे। संतुलन-तौल क्रम में आगे बढ़ते थे। पहले तौल दोहरीकरण क्रम में बढ़ते थे, जैसे कि 1, 2, 4, 8 से 64 तक और बाद के तौल 16 के 10, 100, 1000 आदि गुणित में थे। सामान्य संतुलन-तौल का संबंध अन्य तौल के साथ आगे वर्णित है।

सबसे छोटी इकाई के गुणक	1	2	4	8	16		32	64		
सामान्य संतुलन-तौल (13.65 ग्राम) के गुणक	1/16	1/8	¼	½	1		2	4		
आज की तुलना में तौल	0.85 g	1.75 g	3.45 g	6.85 g	13.65 g		27.35 g	54.65 g		
10 से गुणा करके					160	200	320	640		
					10	12.5	20	40		
					136.5 g	170.66	273.5 g	546.5 g		
100 से गुणा करके					1600		3200	6400	8000	12,800
					100		200	400	500	800
					1.365 kg		2.7 3kg	5.46 kg	6.83 kg	10.92 kg

माप प्रणाली

सिंधु घाटी के लोग माप प्रणाली का भी इस्तेमाल करते थे । एक फुट 13.2 इंच के बराबर माना जाता था और क्यूबिट (cubit) 18 इंच या 44 सेंटीमीटर के बराबर माना जाता था। क्यूबिट अर्थात् बाजू की लंबाई- कोहनी से बीच वाली उंगली के सिरे तक।

धार्मिक परंपराएं

विशाल स्नानागार (मोहनजोदड़ो में) और अग्नि बेदी (कालीबंगा और लोथल में) के अतिरिक्त सिंधु घाटी सभ्यता में कोई मंदिर अथवा धर्म से जुड़ी हुई संरचना प्राप्त नहीं हुई है। खुदाई से मिली कुछ चीजों से यह परिणाम निकलता है कि सिंधु घाटी के लोगों की धार्मिक प्रथाएं वास्तविक हिंदू धर्म की प्रथाओं से काफी मिलती थीं, जैसे कि देवी मां, पशुपति शिवा, जानवरों और पेड़ों आदि का पूजन ।

हड़प्पा की खुदाई में टेराकोटा (पकाई हुई मिट्टी) से बनी हुई देवी मां की एक मूर्ति मिली है। इस मूर्ति के गर्भ से पौधा पैदा होता दिखाया गया है। यह मूर्ति धरती मां की प्रतीक है।

टेराकोटा से बनी हुई धरती मां की एक मूर्ति

एक मुहर (seal) पर पुरुष देवता की आकृति मिली है। इस मुहर को पशुपति मुहर कहा जाता है। पुरुष देवता के दो सींग हैं और वह एक योगी की भांति चौकड़ी मार कर बैठा हुआ है। पुरुष देवता 4 जानवरों से घिरा हुआ है। यह जानवर हाथी, बाघ, गेंडा और भैंस हैं। पुरुष देवता के चरणों के नीचे दो हिरण दिखाई पड़ते हैं। यह पुरुष देवता वर्तमान काल के हिंदू धर्म के भगवान शिव जैसा दिखाई देता है।

पशुपति मुहर

इसके अलावा हड़प्पा सभ्यता में लिंग की भी पूजा होती थी। लिंग के आकार के बहुत सारे पत्थर मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि हड़प्पा सभ्यता के लोग लिंग की पूजा करते थे। लिंग भगवान शिव का प्रतीक है।

सिंधु घाटी सभ्यता में पेड़ों और जानवरों की पूजा का प्रमाण भी मिला है। एक मुहर में देवता का चित्र पीपल के पेड़ के बीच में दिखाया गया है। पीपल के पेड़ की आज भी पूजा होती है। जानवरों की भी पूजा होती थी। सबसे पूजनीय जानवर कूबड़ वाला सांड था।

मृत शरीर को दफन करने की प्रथा

विभिन्न जगहों पर मिले कब्रिस्तान यह प्रमाणित करते हैं कि सिंधु घाटी सभ्यता में मुर्दों को दफ़नाने की अलग-अलग प्रथाएं थीं। उदाहरण के तौर पर मोहनजोदड़ो में तीन तरह की प्रथाएँ मिली हैं:

1. पूर्ण दफन (पूरे शरीर को कब्र में वस्तुओ के साथ दफनाया जाता था)।
2. आंशिक दफन (मुर्दा शरीर को पहले जानवरों के सामने फेंक दिया जाता था और फिर बची हुई हड्डियों को दफना दिया जाता था)।
3. कई स्थानों पर अंतिम संस्कार के बाद दफन किया जाता था।

   लोथल में दफनाने की अलग प्रथा का प्रमाण मिला है। यहाँ पर एक ही कब्र में पुरुष और स्त्री को साथ दफनाया जाता था। शरीर को उत्तर से दक्षिण दिशा में डाला जाता था, सिर की दिशा उत्तर में रखी जाती थी।

प्रौद्योगिकी

सिंधु घाटी सभ्यता कांस्य का उपयोग करने वाली सभ्यता थी। पत्थर के औजारों के उपयोग के अतिरिक्त, लोग कांस्य के औजारों का उपयोग करना भी जानते थे।

उस समय सोने की वस्तुएं आम थीं। सोना एक प्रतिक्रियाशील धातु नहीं है। इस प्रकार, यह स्वाभाविक रूप से उपलब्ध था। चांदी का उपयोग सिंधु घाटी सभ्यता में पहली बार हुआ था और इसका प्रयोग सोने से अधिक प्रचलित था। सोने और चांदी के इलावा आर्सेनिक (arsenic), सीसा (lead), सुरमा (antimony), और गिल्ट (Nickel) आदि धातुओं का भी प्रयोग किया जाता था। पीतल से बने हुए औजार बहुत ही भारी मात्रा में मिले हैं। यहां के लोग नाव बनाना भी जानते थे।

मुहरें और टेराकोटा

सिंधु घाटी सभ्यता में 2,000 से ज्यादा मुहरें (seals) मिली हैं। यह मुहरें छोटे आकार की थीं। अधिकतर मुहरें चौरस होती थीं, परंतु कई मुहरें आयत और गोल आकार की भी होती थीं। मुख्य रूप से दो तरह की मुहरें मिली हैं: पहली, चौरस, जिसमें चित्र और शिलालेख दोनों है; दूसरी, आयत, जिसमें केवल शिलालेख है।

मुहरें बनाने के लिए शैलखटी (Steatite) का सबसे अधिक इस्तेमाल होता था। इसके इलावा सुलेमानी पत्थर (agate), शीस्ट (chert), तांबे और मिट्टी का भी उपयोग होता था। सोने, चांदी और हाथी दांत से बनी मुहरें भी प्राप्त हुई हैं।

मुहरों पर चित्रलिपि की होती थी। चित्रलिपि बाएं से दाएं तरफ की जाती थी। परंतु कई मुहरों पर दाएं से बाएं तरफ चित्रलिपि भी मिली है। मुहरों का अधिक उपयोग व्यापार के लिए होता था, परंतु संभावना है कि मुहर ताबीज के रूप में या फिर पढ़ाई के उद्देश्य से भी इस्तेमाल होती थी।

मोहनजोदड़ो में पाई गई एक नग्न पुरुष देवता की चौकोर मुहर

आयाम: 2.65 x 2.7 से. मी., 0.83 से 0.86 से. मी. मोटाई

टेराकोटा से बनी मूर्तियां भी कई स्थानों से प्राप्त हुई है। मिट्टी को आग में पकाकर जो मूर्तियां तैयार की जाती थीं, उन्हें टेराकोटा कहा जाता है। यह मूर्तियां खिलौनों की तरह अथवा पूजने के लिए उपयोग की जाती थी।

राज्यव्यवस्था और समाज

सिंधु घाटी सभ्यता की राज्यव्यवस्था के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है। किसी केंद्रीय सत्ता का प्रमाण नहीं मिला है। युद्ध की अनुपस्थिति शांत प्रशासन के बारे में दर्शाती है।

मूर्तिकला

दो प्रमुख मूर्तियां सिंधु घाटी की खुदाई से प्राप्त हुई हैं:

1. पुजारी की प्रतिमा जोकि चूना-पत्थर से बनी हुई है।
2. नृत्य करती लड़की की प्रतिमा जो कि कांसे की बनी हुई है।

यह मूर्ति सिंधु घाटी सभ्यता के कारीगरों की निपुणता दर्शाती है।

मोहनजोदड़ो में मिली पुजारी-राजा की प्रतिमा

पुजारी राजा के माथे पर आभूषण आँख का प्रतिनिधित्व है। यह आभूषण सोने का बना हुआ था, जो बीच में शैलखटी से भरा हुआ था।

मोहनजोदड़ो में मिली नृत्य करती लड़की की कांस्य प्रतिमा

इन मूर्तियों के अतिरिक्त लाल मिट्टी के पत्थर से बनाया हुआ पुरुष का धड़ मिला है ।



हड़प्पा में मिला पुरुष का धड़

मिट्टी के बर्तन

सिंधु घाटी के लोग उच्च दर्जे के कुम्हार थे। यहां के लोगों द्वारा बनाए गए बर्तनों को चार भागों में बांटा जा सकता है-

1. सादे बर्तन
2. लाल और काले रंग के बर्तन
3. बहुरंगी बर्तन (यह बर्तन आम नहीं होते थे)
4. छेद वाले बर्तन

अलग-अलग तरह के बर्तनों के अलग-अलग उपयोग होते थे:

1. सादे बर्तन घरों में उपयोग होते थे, जैसे कि अनाज और पानी संग्रहण के लिए।
2. छोटे बर्तन सजावट के लिए उपयोग किए जाते थे।
3. छेद वाले बर्तन शायद मदिरा डालने के काम में आते थे।

पोशाक शैली

सिंधु घाटी के लोग कपास और ऊन के कपड़े पहनते थे। आदमी गाउन पहनते थे जो कि केवल एक ही कंधा ढकते थे। औरतें घागरा पहनती थीं जोकि घुटनों तक लंबा होता था। यह घागरा मोतियों से बने कमरबंद से बांधा जाता था। अमीर लोग शानदार बनावट के कपड़े पहनते थे।

केश शैली

सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का बाल बनाने का अंदाज शानदार था। औरतों में चोटी बनाना काफी प्रचलित था। आदमी और औरत, दोनों ही लंबे बाल रखते थे। आदमी मूछें और दाढ़ी भी रखते थे।

भूषाचार

तांबे में जड़े हुए शीशे प्रचलन में थे। मोहनजोदड़ो में औरतों द्वारा चेहरे को सजाने वाले रंग, काजल तथा अन्य श्रृंगार सामग्री का प्रमाण मिला है। चन्हूदड़ो में लिपस्टिक का प्रमाण भी मिला है। आदमी कांस्य के उस्तुरे इस्तेमाल करते थे।

आभूषण

सिंधु घाटी के लोगों को आभूषण बहुत प्रिय थे। पुरुष तथा स्त्री दोनों ही आभूषण पहनते थे। जैसे कि गले की माला, जूड़ा बनाने का फ़ीता, अंगूठियां और बाजूबंद। कमरबंद, कान के झुमके तथा पायल केवल औरतें पहनती थी। लोथल और चन्हूदड़ो के कारखानों में मोती बड़े पैमाने पर बनाए जाते थे। बहुत-सारे ताबीज भी मिले हैं। शायद सिंधु घाटी के लोग भूतों और बुरी ताकतों में विश्वास रखते थे।

हड़प्पा के लोगों के आभूषण

मनोरंजन

बच्चे पक्की मिट्टी के खिलौनों से और कंचों से खेलते थे। गाना, बजाना और नाचना लोकप्रिय था। शिकार करना और मछली पकड़ना आम था। कुछ मुहरों पर जंगली गैंडे और हिरण का शिकार दिखाया गया है। पासा भी खेला जाता था।

सिंधु घाटी की लिपि

हड़प्पा लिपि (जिसे सिंधु लिपि भी कहा जाता है) को अभी तक नहीं समझा जा सका है। इसके अक्षर चित्रमय हैं और सार्थक संकेतों के रूप में प्रतीत होते हैं। प्रमुख संकेतों की संख्या लगभग 400 है।

अभिलेख ज्यादातर दाएं से बाएं लिखे जाते थे। यह इस तथ्य से साबित हुआ है कि प्रतीकों को कई बार बाईं ओर संकुचित पाया गया है। आमतौर पर ऐसा तब होता है जब पंक्ति के अंत में लेखक के पास जगह कम होती है।

इन अभिलेखों में बहुत ही थोड़े संकेत हैं, जिससे यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि इन संकेतों ने एक लिपि गठित की है अथवा यह लेखन प्रणाली का एक प्रतीक है भी या नहीं ? शिलालेखों की औसत लंबाई पांच संकेतों से कम है, सबसे लंबे शिलालेख में 26 संकेत हैं। लिपि को समझने में मदद करने के लिए कोई ज्ञात द्विभाषी शिलालेख नहीं है, और न ही लिपि समय के साथ किसी भी महत्त्वपूर्ण बदलाव को दिखाती है। कई प्रयासों के बावजूद, 'लिपि' को अभी तक नहीं समझा जा सका है, लेकिन प्रयास अभी भी जारी है।

मुहर पर लिपि

सिंधु घाटी सभ्यता का पतन

सिंधु घाटी सभ्यता अचानक से खत्म हो गई। इस सभ्यता के अचानक खत्म होने का वास्तविक कारण पता नहीं है। फिर भी इसके पतन के कई कारणों की परिकल्पना की जाती है:

1. यह सभ्यता शायद बाढ़ के कारण खत्म हो गई। पहले सभ्यता नदी के किनारे बस्ती थी। इसलिए यह संभव है कि इस सभ्यता का पतन बाढ़ के कारण हुआ।
2. सिंधु घाटी क्षेत्र में भूकंप की भी काफी संभावना थी इसलिए हो सकता है कि बार-बार भूकंप आने से यह सभ्यता समाप्त हो गई हो।

3. सिंधु घाटी सभ्यता के लोग व्यापारी थे, योद्धा नहीं। शायद बाहर के लोगों के आक्रमण से यह सभ्यता खत्म हो गई हो।
   मोहनजोदड़ो में कई बिना दाह संस्कार के मनुष्य के पिंजर प्राप्त हुए हैं। ये पिंजर बड़ा आक्रमण दर्शाते हैं। शायद यह आक्रमण आर्यों द्वारा किया गया था।
4. ऊपर लिखित कारणों के अतिरिक्त अन्य कारण जैसे कि सूखा या बीमारी फैलना भी इस सभ्यता के अचानक खत्म होने के कारण हो सकते हैं।

हड़प्पा सभ्यता और अन्य पश्चिमी एशियाई सभ्यताओं में अंतर

हड़प्पा सभ्यता	मेसोपोटामियन सभ्यता
शहरों का नियोजन बड़े अच्छे तरीके से किया गया था।	शहरों का नियोजन बेतरतीबी से किया गया था।
जल निकास प्रणाली बहुत अच्छी थी।	सफ़ाई व्यवस्था पर अधिक ध्यान नहीं दिया गया।
ईंटों से बने हुए आयताकार घर थे और हर घर में स्नानघर था।	घरों का कोई विशेष आकार नहीं था।
इस सभ्यता की अपनी कोई विशेष भाषा नहीं थी।	इस सभ्यता की अपनी विशेष भाषा थी ।

सिंधु घाटी सभ्यता के महत्त्वपूर्ण स्थानों की सूची

स्थान	जिला	राज्य	देश	खुदाइयां/खोजें
बनावली	फतेहाबाद	हरियाणा	भारत	• जौ के प्रमाण मिले हैं • टेराकोटा पर हल का चित्र बनाया हुआ मिला है। • सभ्यता के दो चरण (पूर्व हड़प्पा और हड़प्पा) के प्रमाण मिलते हैं।
चन्हूदड़ो	नवाबशाह	सिंध	पाकिस्तान	• मोती बनाने का कारखाना और लिपस्टिक के उपयोग का प्रमाण मिला है। • केवल इस शहर में दुर्ग नहीं मिला है।
धौलावीरा	कच्छ	गुजरात	भारत	• एक चित्र मिला है, इस चित्र में एक नग्न व्यक्ति रथ चला रहा है और इस रथ से दो बैल जुड़े हुए हैं। • जल संचयन और बहुत सारे जलाशय का प्रमाण मिला है। • निर्माण कार्यों में चट्टानों का इस्तेमाल का प्रमाण मिला है। • सिंधु घाटी सभ्यता के तीनों चरण का प्रमाण मिला है।

हड़प्पा	जिला साहिवाल	पंजाब	पाकिस्तान	• अन्नागार और बहुत सारी कलाकृतियां पाई गई हैं। • शव पेटी में दफन करने का प्रमाण मिला है। • इस स्थान की खुदाई सबसे पहले हुई थी।
कालीबंगा	जिला हनुमानगढ़	राजस्थान	भारत	• पकी/जली हुई चूड़ियां, अग्नि वेदियां और शिवलिंग का प्रमाण मिला है। • छोटे गोल गड्ढे मिले हैं जिनमें कलश और अन्य मिट्टी के बर्तन भरे हुए थे। • ऊंट की हड्डियां मिली है।
लोथल	जिला अहमदाबाद	गुजरात	भारत	• मोती बनाने का कारखाना, गोदीबाड़ा (dockyard), मोहरें, अग्नि वेदियां, रंग किए हुए बर्तन और चावल की खेती के प्रमाण मिले हैं।
मेहरगढ़		बलूचिस्तान	पाकिस्तान	• सबसे पुराने कृषि समुदाय के प्रमाण मिले हैं।
मोहनजोदड़ो		सिंध	पाकिस्तान	• विशाल स्नानघर, विशाल अन्नागार, नाचती हुई लड़की की कांस्य की मूर्ति, दाढ़ी वाले पुजारी-राजा की मूर्ति, टेराकोटा (पक्की हुई मिट्टी) के खिलोने, पशुपति मोहर, मेसोपोटामिया में पाई जाने वाली मुहरें और बुने हुए कपड़े का एक टुकड़ा मिला है। • मोहनजोदड़ो सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे बड़ा शहर था। यह शहर 500 हेक्टेयर में फैला हुआ था।
सुरकोटदा	जिला कच्छ	गुजरात	भारत	• घोड़े की हड्डियां केवल यही पर मिली हैं।
सुत्कांगेंडोर		बलूचिस्तान	पाकिस्तान	• सुरकोटदा की तरह, यह शहर भी तट पर है।
राखीगढ़ी	जिला हिसार	हरियाणा	भारत	• हड़प्पा सभ्यता के तीनों चरण के प्रमाण मिलते हैं। • सिंधु घाटी सभ्यता का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। यह शहर 250 हेक्टेयर में फैला हुआ था।

अभ्यास प्रश्न

1. निम्नलिखित में से कौन-सा जानवर हड़प्पा सभ्यता की मुहरों और टेराकोटा की कला में **नहीं** मिलता?
   (a) गाय
   (b) हाथी
   (c) हिरण
   (d) चीता
2. चांदी के उपयोग का सबसे पहला प्रमाण कहां मिला है?
   (a) हड़प्पा सभ्यता
   (b) पुरापाषाण युग
   (c) वैदिक सभ्यता
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
3. सिंधु घाटी या हड़प्पा सभ्यता कौन-सी सभ्यता है?
   (a) नवपाषाण सभ्यता
   (b) पुरापाषाण सभ्यता
   (c) ताम्रपाषाण सभ्यता
   (d) उत्तर ताम्रपाषाण युग
4. निम्नलिखित में से किस पुरातत्वविद (archaeologist) ने मोहनजोदड़ो की खोज की?
   (a) सुजोहू मार्शल
   (b) दया राम साहनी
   (c) राखल दास बैनर्जी
   (d) सर मर्टीमर व्हीलर
5. निम्नलिखित स्थानों में से कौन-सा स्थान सिंधु घाटी सभ्यता के दो चरण (पूर्व हड़प्पा और हड़प्पा) का प्रमाण देता है?
   (a) लोथल
   (b) मोहनजोदड़ो
   (c) बनावली
   (d) चन्हूदड़ो

पिछली प्रारंभिक परीक्षा

1. सिंधु घाटी सभ्यता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः **(2011)**
   1. यह प्रमुखतः लौकिक सभ्यता थी तथा उसमें धार्मिक तत्व, यद्यपि उपस्थित था, वर्चस्वशाली नहीं था।
   2. उस काल में भारत में कपास से वस्त्र बनाए जाते थे।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

2. निम्नलिखित में से कौन-सा/से लक्षण सिन्धु सभ्यता के लोगों का सही चित्रण करता है/करते हैं? **(2013)**
   1. उनके विशाल महल और मन्दिर होते थे।
   2. यह देवियों और देवताओं, दोनों की पूजा करते थे।
   3. यह युद्ध में घोड़ों द्वारा खींचे गए रथों का प्रयोग करते थे।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही कथन/कथनों को चुनिए।

   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 2
   (c) 1, 2 और 3
   (d) उपर्युक्त कथनों में से कोई भी सही नहीं है

3. ऋग्वेद कालीन आर्यों और सिन्धु घाटी के लोगों की संस्कृति के बीच अंतर के संबंध में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? **(2017)**
   1. ऋग्वेद-कालीन आर्य कवच और शिरस्त्राण (हेलमेट) का उपयोग करते थे जबकि सिन्धु घाटी सभ्यता के लोगों में इनके उपयोग का कोई साक्ष्य नहीं मिलता।
   2. ऋग्वेद-कालीन आर्यों को स्वर्ण, चाँदी और ताम्र का ज्ञान था जबकि सिंधु घाटी के लोगों को केवल ताम्र और लोह का ज्ञान था।
   3. ऋग्वेद-कालीन आर्यों ने घोड़े को पालतू बना लिया था जबकि इस बात का कोई साक्ष्य नहीं है कि सिन्धु घाटी के लोग इस पशु को जाते थे।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

   (a) केवल 1
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

उत्तर कुंजी ☑

अभ्यास प्रश्न

1. (a) **2.** (a) **3.** (c) **4.** (c) **5.** (d)

पिछली प्रारंभिक परीक्षा

1. (c) **2.** (b) 3. (a)

इकाई 2

भारत का मध्यकालीन इतिहास

इकाई 3

भारतीय संस्कृति

अभ्यास प्रश्नों तथा पिछली प्रारंभिक परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों के समाधान

इकाई 1: भारत का प्राचीन इतिहास

अध्याय 1 पूर्व ऐतिहासिक युग

अभ्यास प्रश्न

4. (b) कथन 1 गलत है: मध्यपाषाण काल में लोगों ने छोटे आकार के पत्थर के औजारों का इस्तेमाल किया, जो लगभग 0.5-1 इंच लंबे थे।

5. (b) कथन 1 गलत है: गिलूण्ड के लोग (वर्तमान राजस्थान के राजसमन्द जिले का एक गांव) ईंटों से परिचित नहीं थे।

अध्याय 2 सिंधु घाटी सभ्यता

अभ्यास प्रश्न

4. (c) आर. डी. बनर्जी एक भारतीय इतिहासकार और पुरातत्व विद्या के अग्रणी थे। उन्हें मोहनजोदड़ो की खुदाई के लिए जाना जाता है। उन्होंने हड़प्पा और मोहनजोदड़ो के बीच की समानताओं को भी उजागर किया था।

5. (d) कालीबंगा (अर्थात काली चूड़ीयां), उत्तरी राजस्थान तथा बनावली, हरियाणा के हिसार जिले में स्थित इन दोनों स्थानों से पूर्व हड़प्पा और हड़प्पा, दो सांस्कृतिक चरणों का प्रमाण मिलता है।

पिछली प्रारंभिक परीक्षा

1. (c) कथन 1 सही है, क्योंकि इस सभ्यता का धर्म संबंधी एकमात्र सबूत "महान स्नान घर" है। हालांकि, कुछ देवी-देवताओं की मूर्तियां भी मिली है, लेकिन उनसे यह साबित नहीं होता कि सिंधु घाटी सभ्यता पर धर्म हावी था।

2. (b) कथन 1 गलत है, क्योंकि हड़प्पा से किसी भी तरह के महल तथा मंदिर नहीं मिलें है।

कथन 3 गलत है, क्योंकि घोड़ों के उपयोग के कुछ प्रमाण मिले हैं; लेकिन, रथ के प्रयोग का कोई भी प्रमाण नहीं मिला है।

3. (a) कथन 2 गलत है, क्योंकि हड़प्पा पुरुष और महिलाएं सोने, चांदी, तांबे, कांस्य और क़ीमती पत्थरों से बने गहने पहनते थे। इसलिए, सिंधु घाटी के लोगों को तांबे, कांस्य, चांदी, सोने, के इस्तेमाल का पता था, लेकिन वे लोहे के प्रयोग के बारे में नहीं जानते थे। लोहे की खोज तो काफी बाद में, लगभग 1000 ई.पू. में हुई थी।

कथन 3 गलत है, क्योंकि सिंधु घाटी सभ्यता में घोड़ों के साक्ष्य मिले थे।

अध्याय 3 पूर्व वैदिक काल

अभ्यास प्रश्न

2. (b) कथन 1 गलत है, क्योंकि प्रारंभिक वैदिक समाज मुख्य रूप से पशुचारक था। कृषि उनका दूसरा व्यवसाय था।

6. (a) कथन 2 गलत है, क्योंकि महिलाएं यज्ञ सहित कई अन्य धार्मिक समारोहों में भी भाग लेती थीं।

अध्याय 4 उत्तर वैदिक काल

अभ्यास प्रश्न

2. (c) विकल्प (a) गलत है: वसुधैव कुटुंबकम महा उपनिषद में पाया गया है, जिसका अर्थ है "दुनिया एक परिवार है।"

विकल्प (b) गलत है: योगक्षेमं वहाम्यहम् भगवत गीता में पाया गया है।

मुख्य परीक्षा में उत्तर लिखने की रणनीति

एक अच्छा उत्तर निम्नलिखित पहलुओं पर आधारित है।



पिछले वर्षों के प्रश्न (मुख्य परीक्षा) समाधान के साथ

1. दक्षिण भारत के राजनीतिक इतिहास की दृष्टि से अधिक उपयोगी न होते हुए भी संगम साहित्य उस समय की सामाजिक व आर्थिक स्थिति का अत्यंत प्रभावी शैली में वर्णन करता है। टिप्पणी कीजिए। **(2013)**

उत्तर:

प्रश्न का विश्लेषण	
टिप्पणी कीजिए	एक राय या प्रतिक्रिया व्यक्त करें
उप-भागों की संख्या	दो भाग 1: दक्षिण भारत के राजनीतिक इतिहास की दृष्टि से संगम साहित्य बहुत उपयोगी नहीं है। भाग II: संगम साहित्य उस समय की सामाजिक व आर्थिक स्थिति का अत्यंत प्रभावी शैली में वर्णन करता है।
लिखने की विधि	बिंदु और अनुच्छेद रूप का मिश्रण
निष्कर्ष का महत्व	आवश्यक नहीं है

तीसरी शताब्दी ई.पू. और तीसरी शताब्दी ईसवी के बीच के समय में तीन संगम आयोजित किए गए थे। पहले दो संगमों की रचनाएं पूरी तरह से नष्ट हो गई थीं। लेकिन अंतिम संगम में संकलित किया गया साहित्य बच गया और इसने दक्षिण भारत की राजनीति, समाज और अर्थव्यवस्था को जानने में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया।

संगम साहित्य निम्नलिखित कारणों से संबंधित राजनीतिक इतिहास के दृष्टिकोण से बहुत उपयोगी नहीं है:

- राजनीति पर संगम के विवरण विश्वसनीय नहीं हैं, क्योंकि लेखकों को सत्तारूढ़ वर्ग द्वारा संरक्षित किया गया था। इसलिए, ये विवरण अतिरंजित और त्रुटिपूर्ण हो सकते हैं।
- साहित्य के कुछ पहलुओं को सत्यापित करने के लिए पुरातात्विक स्रोत अनुपलब्ध हैं। उदाहरण के लिए, साहित्य में वर्णित बस्तियों के लिए कोई पुरातात्विक स्रोत उपलब्ध नहीं हैं।
- संगम साहित्य एक विशेष काल से संबंधित है। इसलिए, संगम साहित्य में पहले और बाद के कालों का राजनीतिक इतिहास उपलब्ध नहीं है।

समाज और अर्थव्यवस्था के बारे में जानकारी

संगम साहित्य में अपने समय की सामाजिक और आर्थिक स्थितियों का उल्लेखनीय विवरण दिया गया है, क्योंकि लेखन के लोकप्रिय विषय प्रेम और वीरता थे। ऐसे विषयों को सामाजिक और आर्थिक जीवन के बड़े संदर्भ में शामिल किया गया है। लेखन में सामाजिक संरचना, धर्म, व्यवसाय, मानदंड, कर्मकांड, जीवन स्तर आदि के बारे में जानकारी दी गई है।

2. आरंभिक भारतीय शिलालेखों में अंकित 'ताण्डव' नृत्य की विवेचना कीजिए। **(2013)**

उत्तर:

प्रश्न का विश्लेषण	
विवेचना कीजिए	विषय के विभिन्न मुद्दों या विचारों को ध्यान में रखते हुए, विस्तार से लिखें।
उपभागों की संख्या	एक भाग
लिखने की विधि	अनुच्छेद रूप
निष्कर्ष का महत्व	आवश्यक नहीं है

भगवान शिव द्वारा प्रस्तुत नृत्य को तांडव के रूप में जाना जाता है। तांडव ब्रह्मांड के विनाशक के रूप में शिव की हिंसक प्रकृति को दर्शाता है। तांडव नृत्य की गति तेज और ऊर्जावान होती हैं। तांडव नृत्य, लास्य नृत्य के विपरीत है। लास्य की प्रवृत्ति नरम, सुंदर और कभी-कभी कामुक होती है।

भरतमुनि ने नाट्य शास्त्र में तांडव नृत्य (और लास्य नृत्य) का वर्णन किया है। कुछ विद्वानों का मानना है कि तांडव नृत्य के सात विभिन्न प्रकार हैं। तांडव नृत्य की लोकप्रिय शैलियां आनंद तांडव और रुद्र तांडव हैं। जो तांडव आनन्दित मनोस्थिति में किया जाता है उसे आनंद तांडव कहते हैं तथा जो हिंसक मनोस्थिति में अर्थात गुस्से में किया जाता है उसे रूद्र तांडव कहा जाता है।

3. मंदिर वास्तुकला के विकास में चोल वास्तुकला का उच्च स्थान है। विवेचना कीजिए। **(2013)**

उत्तर:

प्रश्न का विश्लेषण	
विवेचना कीजिए	विषय के विभिन्न मुद्दों या विचारों को ध्यान में रखते हुए, विस्तार से लिखें।
उपभागों की संख्या	एक भाग
लिखने की विधि	बिंदु रूप में
निष्कर्ष का महत्व	आवश्यक नहीं है

भारत का सबसे बड़ा और व्यापक रूप से नक्काशीदार मंदिर,चोल अवधि से संबंधित है। शाही चोलस द्वारा निर्मित दो सबसे महत्वपूर्ण मंदिर थे

- **बृहदेश्वर मंदिर** का निर्माण राजराजा चोल प्रथम द्वारा करवाया गया था और इसका निर्माण 1010 ईस्वी में पूरा हुआ था। इस मंदिर का विमानम् (मंदिर टावर) 198 फुट (60 मीटर) ऊंचा है और दुनिया के सबसे ऊंचे विमानम् में से एक है। इस मंदिर के कुंबम (मंदिर की सबसे ऊँची संरचना) का वजन करीब 80 टन है।
- **गंगईकौण्ड चोलपुरम मंदिर** 1020-1029 ईस्वी के दौरान राजेंद्र चोल द्वारा बनवाया गया था, वह राजराजा चोल का पुत्र और उत्तराधिकारी था। यह मंदिर तंजौर के प्रसिद्ध बृहदेश्वर मंदिर के बगल में स्थित है। गंगईकौण्ड चोलपुरम मंदिर का विमानम् नौ मंजिला हैं, इसकी ऊंचाई 185 फुट है। इस मंदिर में दक्षिण भारत का सबसे बड़ा शिवलिंग है।

4. सिंधु घाटी सभ्यता की नगरीय आयोजना और संस्कृति ने किस सीमा तक वर्तमान युगीन नगरीकरण को निवेश (इनपुट) प्रदान किए हैं? चर्चा कीजिए। **(2014)**

उत्तर:

प्रश्न का विश्लेषण	
चर्चा कीजिए	विषय के विभिन्न मुद्दों या विचारों को ध्यान में रखते हुए, विस्तार से लिखें।
उपभागों की संख्या	दो उपभाग पहला भाग:सिंधु घाटी सभ्यता की शहरी आयोजना से वर्तमान युगीन नगरीकरण के लिए निवेश (इनपुट)। दूसरा भाग:सिंधु घाटी सभ्यता की संस्कृति से वर्तमान युगीन नगरीकरण के लिए निवेश (इनपुट)।
लिखने की विधि	बिंदु रूप में
निष्कर्ष का महत्व	आवश्यक नहीं है